File No. HIG-3-I/I4/1/2020-XXIV-C-3-Higher Education Department (Computer No. 3174)
I/62344/2022
I/62344/2022

संख्याः 822 / XXIV-C-3 / 2022-10(12)2017

प्रेषक,

**ब्योमकेश दूबे,**
उप सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1-**निदेशक,**
उच्च शिक्षा विभाग,
उत्तराखण्ड, हल्द्वानी।

2- **कुलपति / कुलसचिव,**
निजी विश्वविद्यालय,
उत्तराखण्ड।

उच्च शिक्षा अनुभाग-3 देहरादून, दिनांकः 12 सितम्बर, 2022

**विषयः नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी.)-2020 पर व्यावसायिक विकास कार्यक्रम (पी.डी.पी.) में प्रतिभाग किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, देहरादून के ई-मेल पत्र दिनांक 27 अगस्त, 2022 एवं तत्संलग्न पत्र संख्या-आई.जी./आर.सी.डी.एन./एनईपी-पीडीपी/2022/635, दिनांक 26 अगस्त, 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से नई शिक्षा नीति (एन.ई.पी.)-2020 इग्नू के 36 घंटे (6 दिन) के राष्ट्रव्यापी व्यावसायिक कार्यक्रम (Professional Development Programme) में सभी सरकारी, गैर सरकारी एवं निजी विश्वविद्यालयों/कॉलेजों के शिक्षकों को नामांकन हेतु निर्देशित किये जाने की अपेक्षा की गयी है।

2- इस संबंध में वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, देहरादून के उक्त सन्दर्भित ई-मेल पत्र दिनांक 27 अगस्त, 2022 की छायाप्रति संलग्नकों सहित संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया शिक्षकों द्वारा इग्नू के स्तर पर आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम में नामांकन किये जाने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

**संलग्नकः- यथोपरि।**

भवदीय,

Signed by Byomkesh Dubey
Date: 09-09-2022 18:46:01
**( ब्योमकेश दूबे )**
उप सचिव।

**संख्याः-822 (1)/XXIV-C-3/2022, तददिनांक।**

**प्रतिलिपि** निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1-सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन।

2-वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक, इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, देहरादून।



Generated from eOffice by MAYANK BISHT, SO-MB, SECTION OFFICER, Higher Education Department on 12/09/2022 11:22 AM